आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 312 | उज्जैन, बुधवार 01 अक्टूबर 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह का शुभारंभ

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार 1 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू के विहार वीथिका में राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के पर्यटक वाहनों का लोकार्पण और भारत के वन्यजीव, ÷उनका रहवास एवं आपसी संचार÷ विषय पर केन्द्रित फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन कर वन्यजीव संरक्षण पुरस्कार वितरित भी करेंगे।



कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री श्री दिलीप सिंह अहिरवार, अपर मुख्य सचिव वन श्री अशोक बर्णवाल और प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्हीएन अंबाडे उपस्थित रहेंगे।

## वन्यजीव सप्ताह

## कार्यक्रम

गुरूवार 2 अक्टूबर को पक्षी अवलोकन, जन जागरूकता के लिये सृजनात्मकता कार्यशाला, महाविद्यालयीन विद्यार्थी के लिये वाद-विवाद प्रतियोगिता और विद्यालयीन विद्यार्थी के लिये तात्कालिक कहानी प्रतियोगिता होगी। शुक्रवार 3 अक्टूबर को तितली अवलोकन, खजाने की खोज और मेंहदी /पॉम पेंटिंग प्रतियोगिता होगी। शनिवार 4 अक्टूबर को विशेष वंचित वर्ग/दिव्यांग बच्चों के लिये पक्षी अवलोकन, फोटोग्राफी, रंगोली और विद्यालयीन/महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिये युवा संसद आयोजित की जायेगी। रविवार 5 अक्टूबर रन फॉर वाइल्ड लाइफ और शिक्षक वाद-विवाद प्रतियोगिता, सोमवार 6 अक्टूबर सभी के लिये पक्षी अवलोकन, रेस्क्यू, वन्यप्राणी संरक्षण तथा अनुश्रवण उपयोग वाले उपकरणों से संबंधित कार्यशाला, वाइल्ड लाइफ एवं नेचर एक्सपो, वाद-विवाद प्रतियोगिता, वॉक थ्रू क्विज कम एग्जिविशन और मंगलवार 7 अक्टूबर को टोडलर वॉक एवं फेस पेटिंग प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण के साथ समापन समारोह होगा।

# चेन्नई एयरपोर्ट पर ड्रग्स के साथ पकड़ा गया बॉलीवुड एक्टर, बैग में मिला 35 करोड़ का कोकीन



नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में एक बॉलीवुड एक्टर को ड्रग्स के साथ पकड़ा गया है। कस्टम पुलिस ने एक्टर को चेन्नई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। उसके पास 3.5 किलोग्राम कोकीन मिली है, अंतरराष्ट्रीय बाजार में जिसकी कीमत 35 करोड़ रुपये हो सकती है।

चेन्नई कस्टम और डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने सोमवार को ज्वॉइंट ऑपरेशन के दौरान एक्टर को पकड़ा है। कस्टम ऑफिसरों ने एक्टर के नाम का खुलासा करने से साफ मना किया है।

आरोपी एक्टर ने रविवार की सुबह सिंगापुर से चेन्नई की फ्लाइट पकड़ी थी। खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने एक्टर को चन्नई एयरपोर्ट पर धर दबोचा। छानबीन के दौरान एक्टर के पास 3.5 किलोग्राम ड्रग्स बरामद किया गया।

ड्रग्स तस्करी में पकड़ा गया बॉलीवुड एक्टर कई बड़ी फिल्मों में साइड रोल निभा चुका है। बड़े पर्दे की सुपरहिट फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर में उसने अहम भूमिका निभाई है। चेन्नई एयरपोर्ट पर जब पुलिस ने एक्टर की तलाशी ली, तो उसके बैग में प्लास्टिक के पाउच मिले, जिनमें सफेद रंग का पाउडर भरा था।

# मुंबई से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट में बम की धमकी, एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी घोषित




नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई से दिल्ली आ रही इंडिगो की एक उड़ान को बम की धमकी मिली है। फ्लाइट संख्या 6E 762 में लगभग 200 लोग सवार थे और सुरक्षा एजेंसियों को यह धमकी अस्पष्ट लगी। सूत्र ने बताया कि दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान के लिए पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया था। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट Flightradarwy.com पर उपलब्ध जानकारी से पता चलता है कि एयरबस A321 नियो विमान से संचालित यह फ्लाइट सुबह लगभग 7.53 बजे उतरी।

इंडिगो ने क्या कहा- इंडिगो के प्रवक्ता ने इस घटना पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, 30 सितंबर 2025 को मुंबई से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की उड़ान 6श्व 762 में सुरक्षा संबंधी खतरा देखा गया। स्थापित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, हमने संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित किया और विमान को परिचालन के लिए मंजूरी देने से पहले आवश्यक सुरक्षा जांच करने में उनका पूरा सहयोग किया।

# मुंबई आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर एक्शन क्यों नहीं लिया? चिदंबरम ने किया खुलासा



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई में 26/11 के आतंकी हमले ने भारत को हिलाकर रख दिया था। पाकिस्तान आधारित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने 175 लोगों की जान ले ली थी। इस हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई पर विचार किया, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव, खासकर अमेरिका के कहने पर भारत ने युद्ध की राह नहीं चुनी।

यह खुलासा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तत्कालीन गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने किया है। उनके इस बयान पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने तीखा हमला बोला है।

दुनियाभर के नेताओं ने जंग न करने की सलाह दी- चिदंबरम ने एक न्यूज चैनल को बताया कि 26/11 के बाद भारत सरकार ने सैन्य जवाब देने पर गंभीरता से विचार किया था। लेकिन अमेरिका की तत्कालीन विदेश मंत्री कोंडोलीजा राइस समेत वैश्विक नेताओं ने भारत से युद्ध शुरू न करने की सलाह दी।

चिदंबरम ने कहा, पूरी दुनिया दिल्ली पर दवाब बना रही थी कि युद्ध मत शुरू करो। इस दबाव और विदेश मंत्रालय व भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) की सलाह के बाद सरकार ने सैन्य कार्रवाई को टाल दिया।

चिदंबरम ने बताया कि हमले के दौरान ही तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ सैन्य कार्रवाई पर चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा, मेरे दिमाग में बदले की कार्रवाई का विचार आया था। लेकिन राइस ने उनसे और प्रधानमंत्री से मुलाकात कर भारत को संयम बरतने को कहा। चिदंबरम ने स्पष्ट किया कि यह फैसला सरकार का था, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव और कूटनीतिक सलाह ने इसे प्रभावित किया।

# जाइए पहले एकेडमी में ट्रेनिंग लीजिए..., जज के बेल ऑर्डर पर क्यों भड़का सुप्रीम कोर्ट ?




नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के एक अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) और एक सत्र न्यायाधीश के जमानत आदेशों में खामियां पाए जाने के बाद उन्हें दिल्ली ज्यूडिशियल अकादमी में स्पेशल ट्रेनिंग के लिए भेजने का आदेश दिया है।

यह कदम तब उठाया गया, जब एक आदतन अपराधी दंपती को निचली अदालतों और दिल्ली हाई कोर्ट की ओर से दी गई जमानत को सुप्रीम कोर्ट ने गलत ठहराया।

जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस एस वी एन भट्टी की बेंच ने साफ किया कि यह फैसला आजादी के सिद्धांतों को कमजोर करने वाला नहीं है, बल्कि आरोपी दंपती का आचरण ऐसा था कि उन्हें जमानत नहीं मिलनी चाहिए थी।दंपती पर छह समान आपराधिक मामलों में शामिल होने का आरोप है। इसमें उन्होंने 1.9 करोड़ रुपये की ठगी की। यह ठगी एक जमीन को बेचने के बहाने की गई, जो पहले ही बिक चुकी थी। इसके बाद भी उन्होंने पीड़ित को पैसे लौटाने से इनकार कर दिया, जिसके चलते उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। 2018 में दंपती ने दिल्ली हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत हासिल की थी। जमानत के वक्त उन्होंने पैसे लौटाने का वादा किया था। इसके आधार पर उन्हें लगभग पांच साल तक बेल मिला। हालांकि, उन्होंने अपना वादा तोड़ दिया और रकम वापस नहीं की। इस पर हाई कोर्ट ने 2023 में उनकी जमानत रद कर दी।

# म्यांमार में आया भूकंप, भारत के कुछ राज्यों में भी लगे झटके



नई दिल्ली (एजेंसी)। म्यांमार में आज सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने इसकी जानकारी दी है। भूकंप का मैग्नीट्यूड 4.7 दर्ज किया गया है।

म्यांमार में आए भूकंप का केंद्र मणिपुर में जमीन से 15 किलोमीटर नीचे गहराई में था। इसका असर नागालैंड और असम में भी देखने को मिला।

NCS के अनुसार, आज यानी 30 सितंबर 2025 की सुबह लगभग 6=10 बजे म्यांमार में 4.7 की मैग्नीट्यूड वाला भूकंप आया है।

# गाजा शांति योजना पर ट्रंप को मिला पीएम मोदी का साथ, बोले- हम आपका सहयोग करेंगे



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल और गाजा में चल रहे युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने गाजा के लिए शांति योजना की पेशकश की है। इस शांति प्रस्ताव को लेकर ट्रंप का कहना है कि इसके बाद दोनों पक्षों को बीच जंग थम जाएगी।

ट्रंप की शांति योजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा, हम राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की ओर से गाजा संघर्ष को खत्म करने के लिए एक व्यापक योजना की घोषणा का स्वागत करते हैं। हमें उम्मीद है कि सभी संबंधित पक्ष राष्ट्रपति ट्रंप की पहल के पीछे एकजुट होंगे और जंग को समाप्त करने और शांति सुनिश्चित करने के इस प्रयास का समर्थन करेंगे।

हमास को ट्रंप की चेतावनी- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने गाजा के लिए 20 सूत्री योजना पर सहमति जताने के लिए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को धन्यवाद दिया। साथ ही फलस्तीनी समूह हमास को चेतावनी दी कि यदि वे इस समझौते को अस्वीकार करते हैं तो इजरायल को इस आतंकवादी समूह को तबाह करने के लिए अमेरिका का पूरा समर्थन मिलेगा।

व्हाइट हाउस में नेतन्याहू के साथ बोलते हुए ट्रंप ने कहा, हमास के खतरे को खत्म करने के लिए इजरायल को मेरा पूरा समर्थन प्राप्त है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि हम शांति के लिए एक समझौता करेंगे और अगर हमास इस समझौते को अस्वीकार कर देता है, जो कि हमेशा संभव है, तो वे अकेले ही बचेंगे। बाकी सभी ने इसे स्वीकार कर लिया है, लेकिन मुझे लगता है कि हमें सकारात्मक जवाब मिलेगा।

# जर्मनी गई इस भारतीय लड़की को कंपनी ने दो दिन में किया बाहर





नई दिल्ली (एजेंसी)। जर्मनी में नौकरी करने गई एक भारतीय युवती ने अपना अनुभव सोशल मीडिया पर साझा किया है, जो अब चर्चा का विषय बन गया है। काजल टेकवानी नाम की युवती ने बताया कि उन्हें एक स्टार्टअप कंपनी में इंटर्नशीप शुरू करने के सिर्फ दो दिन बाद ही नौकरी से निकाल दिया गया।

काजल ने इसके लिए बर्लिन से म्यूनिख तक शिफ्ट किया था, लेकिन कंपनी ने अचानक उनका कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर दिया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर कर बताया कि उन्होंने कई इंटरव्यू राउंड क्लियर किए, टास्क भी पूरे किए और दूसरी नौकरी के ऑफर ठुकराकर इस कंपनी को ज्वाइन किया था।

कंपनीने उन्हें रहने की जगह दी और पहले दिन उनके काम से भी खुश नजर आई। लेकिन दूसरे ही दिन हालात बदल गए। कंपनी के फाउंडर ने उनके रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनमें जज्बे की कमी है। काजल के मुताबिक, उन्हें फीडबैक के नाम पर रूखे संदेश भी भेजे गए और उसी शाम उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया।


काजल ने आगे बताया कि वे 1 सितंबर तक रिमोट काम कर रही थी और फिर म्यूनिख शिफ्ट हुई। पहले दिन ऑफिस का माहौल ठीक रहा, लेकिन दूसरे दिन आंख में इंफेक्शन की वजह से वे कुछ मिनट लेट हो गई। हालांकि, उन्होंने पहले से टीम को इसकी जानकारी दी थी, फिर भी उसी शाम उन्हें निकाल दिया गया।

सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस - काजल को निकालने के पीछे कंपनी ने जो वजह बताई उनमें टीम में फिट न होना, ज्यादा अनुभव की उम्मीद और समय पर ऑफिस न पहुंचना शामिल था। काजल ने कहा कि अगर ये सब कारण थे, तो इंटरव्यू के दौरान ही साफ हो जाना चाहिए था।

इस पूरे मामले को लेकर सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई। कई लोगों ने इसे भारतीय युवाओं के लिए चेतावनी बताया, तो कुछ ने कहा कि स्टार्टअप कंपनियों में स्थिरता नहीं होती इसलिए वहां नौकरी करने से पहले सोचना चाहिए।

यूजर्स ने शेयर किए अपने एक्सपीरियंस- एक यूजर ने लिखा, मेरे साथ भी ऐसा हुआ था, लेकिन मुझे उसी दिन नई नौकरी मिल गई। सब कुछ किसी कारण से होता है, शायद आपके लिए भी कुछ अच्छा इंतजार कर रहा हो।

# शिकागों में पुलिस अधिकारियों की बेइज्जती, साइकिल से भाग रहे फूड डिलीवरी बॉय को नहीं पकड़ सके



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में अवैध शरणार्थियों को देश से बाहर निकालने की प्रक्रिया जोरों पर है। इसी बीच शिकागो की सड़कों से चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। फूड डिलीवरी करने वाला एक व्यक्ति पुलिस के चंगुल से निकल कर भागा और पुलिस भी उसके पीछे दौड़ती नजर आई।

वीडियो में इमीग्रेशन और कस्टम इंफोर्समेंट के 10 अधिकारी डिलीवरी वर्कर का पीछा करते दिखाई दे रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फूड डिलीवरी करने वाला कर्मचारी अपनी साइकिल से जा रहा था, तभी उसे पता चला कि ICE अधिकारी उसका पीछा कर रहे हैं।

भागने का वीडियो वायरल- तभी एक ICE अधिकारी पीछे के आवाज लगाता है, पकड़ो इसको। हालांकि, फूड डिलीवरी कर्मचारी पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब रहा। काफी दूर तक पीछा करने के बावजूद ICE अधिकारी उसे नहीं पकड़ सके।

यूजर्स ने ली चुटकी- शिकागो का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यूजर्स भी वीडियो पर मजेदार रिएक्शन देते नजर आ रहे हैं। वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, इतना सारा पैरामिलिट्री उपकरण पहनकर पीछा करना आसान नहीं होगा। मैं शर्त लगा सकता हूं कि यूनिफॉर्म बनाते समय आपने यह नहीं सोचा होगा। दूसरे यूजर ने कमेंट किया, वो भाग गया और ढ्ष्ष्श्व जाम हो गई।

## पाकिस्तान के क्वेटा में आत्मघाती विस्फोट के बाद गोलीबारी, 10 की मौत और 32 घायल



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हालात एक बार फिर बेकाबू हो गए हैं। बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में बड़ा बम धमाका हुआ, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। पूरे शहर की मेडिकल फैसिलिटी में आपतकाल घोषित कर दिया गया है। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है और 32 लोग घायल हैं।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, क्वेटा में जरघून रोड के पास हुआ बम ब्लास्ट इतना भयानक था कि हर तरफ धुआं ही धुआं देखने को मिल रहा है। धमाके के बाद फायरिंग भी शुरू हो गई। ब्लास्ट की सूचना मिलते ही इलाके में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया है।

पाकिस्तानी न्यूज चैनल डॉन के अनुसार, क्वेटा में हुए जोरदार बम धमाके में 10 लोगों की जान चली गई। यह एक आत्मघाती हमला था, जिसमें सुसाइड बॉम्बर की भी मौत हो गई है।

हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें बम ब्लास्ट का मंजर साफ देखा जा सकता है। हमले में 32 लोग बुरी तरह से घायल हैं। बलूचिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री बख्त मोहम्मद काकर के अनुसार, हमले में घायल लोगों को क्वेटा के सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## ट्रंप के गाजा पीस प्लान से पीछे हटेंगे नेतन्याहू? फलस्तीन के दर्जे पर क्या है इजरायल का प्लान



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की 20-सूत्री शांति योजना को मानने के कुछ घंटे बाद ही इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस समझौते के तहत फिलिस्तीनी राज्य की किसी भी संभावना को सिरे से खारिज कर दिया।

वाशिंगटन में ट्रंप के साथ व्हाइट हाउस में मुलाकात के बाद एक वीडियो संदेश में नेतन्याहू ने इस प्रस्ताव को ऐतिहासिक करार दिया, लेकिन इसके कुछ हिस्सों को गलत तरीके से पेश करने की कोशिश भी की। उन्होंने दावा किया कि यह योजना हमास को अलग-थलग करने में कामयाब रही है।

नेतन्याहू ने कहा, यह एक ऐतिहासिक दौरा था। हमास हमें अलग-थलग करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन हमने बाजी पलट दी और हमास को ही अलग कर दिया।

अब पूरा विश्व, जिसमें अरब और मुस्लिम देश भी शामिल हैं, हमास पर दबाव बना रहा है कि वह ट्रंप के साथ मिलकर बनाए गए हमारे शर्तों को माने, ताकि सभी बंधकों को वापस लाया जाए, जबकि इजरायली सेना (आईडीएफ) गाजा में बनी रहे।

बेंजामिन नेतन्याहू, प्रधानमंत्री, इजरायल - नेतन्याहू ने वीडियो में साफ किया कि इस समझौते में फलस्तीनी राज्य की स्थापना का कोई जिक्र नहीं है।

## एच-1बी वीजा फीस एक लाख डॉलर करने पर भी नहीं भरा ट्रंप का मन, मंत्री ने दिए बदलाव के संकेत




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा फीस को बढ़ाकर 100,000 डॉलर कर दिया है। लेकिन अब ट्रंप प्रशासन इसमें फिर बदलाव करने की तैयारी में है।

इसको लेकर अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि फरवरी 2026 में 100,000 डॉलर शुल्क लागू होने से पहले एच-1बी वीजा प्रकिया में महत्वपूर्ण बदलाव किए जाएंगे। उन्होंने मौजूदा वीजा प्रकिया को गलत बताया है।

दरअसल, हाल ही में राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा पर आवेदन शुल्क को बढ़ाकर 100,000 कर दिया था। ट्रंप की इस घोषणा के बाद से अमेरिकी टेक कंपनियों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद वीजा होल्डर को तत्काल अमेरिका आने के लिए कहा गया।

असमंजस की स्थिति उत्पन्न होने पर व्हाइट हाउस की ओर से बाद में स्पष्ट किया गया कि मौजूदा वीजा धारकों को इस व्यवस्था से कोई असर नहीं पड़ेगा। वे बिना किसी शुल्क के अमेरिका में आ-जा सकते हैं।

2026 तक निकलेगा हल- वहीं, इसको लेकर घोषणा के दौरान अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने बताया था कि नवीनीकरण और पहला आवेदन करने वालों समेत सभी लोगों को ॥-1बी वीजा के लिए 100,000 का शुल्क देना होगा।

लुटनिक ने इन बदलावों को लेकर बताया कि मुझे लगता है कि आगे चलकर इसमें वास्तविक बदलाव देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि लॉटरी प्रणाली को लेकर कुछ सवाल जरूर हैं। लेकिन फरवरी 2026 तक इन सभी सवालों का हल निकल जाएगा।

## जाफर एक्सप्रेस को उड़ाने की थी तैयारी... बलूचिस्तान विस्फोट में 10 लोगों की मौत, 20 से ज्यादा घायल



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा में मंगलवार को बड़ा धमाका हुआ। यह विस्फोट फ्रंटियर कॉर्प्स (स्न्रष्ट) मुख्यालय के पास जरघुन रोड पर हुआ। धमाके में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। धमाके के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला एक आत्मघाती बम विस्फोट था। हमलावर ने खुद को उड़ा लिया, जिसके बाद वहां भारी गोलीबारी हुई। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई में 6 आतंकियों को मार गिराया जिनमें आत्मघाती हमलावर भी शामिल था।

क्या-क्या हुआ नुकसान- धमाके के आसपास की खिड़कियां टूट गई, कई मोटरसाइकिल, रिक्शा और गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई। मौके से उठता हुआ धुआं आसमान तक दिखाई दे रहा था। क्वेटा के सिविल अस्पताल ने पुष्टि की कि 10 शव अस्पताल लाए गए और 20 से ज्यादा घायलों का इलाज चल रहा है। कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।

राहत दलों ने तुरंत घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया। वहीं, सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी और बम डिस्पोजल टीम को मौके पर बुलाया। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगटी ने इस हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि लोगों और सुरक्ष बलों की कुर्बानियां बेकार नहीं जाएंगी और प्रदेश को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाया जाएगा।

## ट्रंप को चापलूसी पसंद है! गाजा शांति योजना पर पाक ने किया समर्थन तो US राष्ट्रपति ने की शहबाज शरीफ की तारीफ



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने गाजा शांति योजना का समर्थन करने के लिए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पाकिस्तानी आर्मी चीफ असीम मुनीर की जमकर तारीफ की है। ट्रंप ने यह टिप्पणी व्हाइट हाउस में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की।

ट्रंप ने अपने संबोधन के दौरान दोनो पाकिस्तानी नेताओं को अविश्वसनीय बताया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पाकिस्तान शुरू से ही इजरायल और हमास के बीच युद्ध खत्म करने को लेकर व्हाइट हाउस के 20 सूत्रीय प्रस्ताव का समर्थन करता रहा है।

ट्रंप ने आगे कहा कि, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल शुरू से ही हमारे साथ है। वे दोनों ही अद्भुत हैं। उन्होंने कहा है कि उन्हें इस समझौते पर पूरा विश्वास है। उन्होंने इस समझौते पर शत प्रतिशत सहमति जताई है।

मुस्लिम और अरब देशों को ट्रंप ने कहा थैंक यू- ट्रंप ने गाजा युद्ध खत्म करने को लेकर कई मुस्लिम और अरब देशों के जबरदस्त समर्थन पर थैंक यू कहा है। ट्रंप ने कहा कि,इस प्रस्ताव को बनाने और इसका समर्थन करने के लिए मै कई अरब और मुस्लिम देशों का धन्यवाद करना चाहता हूं। मैंने सऊदी अरब, कतर के अमीर, सयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन के किंग, तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोआन और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के साथ कई बैठकें की जिसके बाद हम सभी ने माना की हम एक साथ हैं।

# क्या स्टालिन बदला ले रहे हैं?, एक्टर विजय ने भगदड़ पर बदले की कार्रवाई का आरोप लगाया



नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु के करूर में अभिनेता से नेता बने विजय की रैली में मची भगदड़ के बाद 41 लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना से हर कोई स्तब्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गहरा दुख जताया है।

अब इस मामले पर एक्टर विजय ने सामने आकर दुख जताया है और वीडियो संदेश जारी कर कहा, हमने कुछ गलत नहीं किया, फिर भी हमारे खिलाफ स्रद्धक्रहुई। भगदड़ में 41 लोगों की मौत के बाद टीवीके प्रमुख विजय का यह बयान सामने आया है।

विजय ने क्या-क्या कहा- तमिलनाडु के करूर में अपनी राजनीतिक रैली में मची भगदड़ में 41 लोगों की मौत के दो दिन बाद, अभिनेता विजय ने मंगलवार को एक शोक संदेश जारी किया। उन्होंने कहा, मैंने अपने जीवन में कभी इतनी दर्दनाक स्थिति का सामना नहीं किया। मेरा तन-मन चिंता से भर गया है। मेरा दिल दर्द से भर गया है।

स्टालिन को विजय की चुनौती- उन्होंने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को चुनौती देते हुए कहा, आप मुझ पर कोई भी कार्रवाई करें, लेकिन मेरी पार्टी के कार्यकर्ताओं को न छुएं। विजय ने यह भी कहा कि हादसे वाले दिन वे अचानक करूर से निकल गए थे ताकि वहां लोगों की सुरक्षा बनी रहे।

विजय ने कहा कि उन्होंने पीड़ित परिवारों और घायलों से अभी तक मुलाकात नहीं की क्योंकि वहां उनकी मौजूदगी से हालात बिगड़ सकते थे। हालांकि उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही वे सब से मिलेंगे और उनका दर्द बांटेंगे।

# रायपुर में 16 साल की गर्लफ्रेंड ने प्रेमी को दी दर्दनाक मौत




नई दिल्ली (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। गंज पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। उसकी हत्या किसी और ने नहीं बल्कि 16 साल की गर्लफ्रेंड ने कर दी। लड़की ने खुद अपना गुनाह पुलिस के सामने कबूल करते हुए बताया कि वो प्रेग्नेंट है।

पुलिस के अनुसार, युवती बिलासपुर की रहने वाली है। 28 सितंबर को वो अपने प्रेमी मोहम्मद सद्दाम से मिलने रायपुर पहुंची थी। मोहम्मद बिहार का रहने वाला था और अब्भानपुर में इंजीनियरिंग अधिकारी के पद पर कार्यरत था। शनिवार को दोनों रायपुर के एक लॉज में ठहरे थे।

क्यों की हत्या- पुलिस की छानबीन में पता चला है कि युवती सद्दाम के साथ लंबे समय से रिलेशनशिप में थी। इस दौरान वो प्रेग्नेंट हो गई। सद्दाम युवती पर लगातार अबॉर्शन का दबाव बना रहा था। इसे लेकर दोनों के बीच में बहस हुई थी और सद्दाम ने चाकू दिखाते हुए युवती को जान से मारने की धमकी दी थी। 28 सितंबर की रात जब सद्दाम लॉज के कमरे में सो गया, तो युवती ने धारदार हथियार से सद्दाम का गला रेत दिया।

# सूरत में सफर करना अब होगा और भी आसान, कहां तक पहुंचा मेट्रो का काम और कब होगी शुरुआत?



नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात की टेक्सटाइल सिटी कहे जाने वाले सूरत में जल्द ही मेट्रो दौड़ने वाली है। मेट्रो की मदद से सूरत वासियों के लिए सफर करना अब और भी आसान हो जाएगा। सूरत मेट्रो का काम अगले साल तक पूरा होने की संभावना है, जिसमें कुल 40 स्टेशन होंगे।

2021 में शुरू हुई सूरत मेट्रो का काम 2 चरणों में पूरा होगा। यह मेट्रो 42 किलोमीटर लंबी होगी। मेट्रो का पहला चरण इसी साल मार्च में खुलने की उम्मीद थी। हालांकि, कुछ कारणों से यह समयसीमा बढ़ा दी गई। 2026 में सूरत मेट्रो शुरू की जा सकती है।

कितना पूरा हुआ काम- सूरत में मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है। सरथाणा से ड्रीम सिटी तक 22.7 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर बन रहा है। इसका 75 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। मेट्रो के रूट में 7 किलोमीटर की भूमिगत सुरंग भी है। सूरत में सेंट्रल वेयरहाउस से कापोद्रा तक की सुरंग बन चुकी है। वहीं, चौकबाजार से सूरत रेलवे स्टेशन तक की सुरंग का आधा काम हो गया है।

2021 में हुई थी शुरुआत- सूरत मेट्रो का काम जून 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। इस पूरी परियोजना में 12,020 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। 2021 में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को ही सूरत मेट्रो बनाने का काम सौंपा गया था।

# क्या है रोबोटिक सैनिक? DRDO तैयार कर रहा युद्ध के लिए खास हथियार; दुश्मनों की अब खैर नहीं...




भारत की रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) दिन-प्रतिदिन नई तकनीकों पर काम कर रहा है। इसमें रोबोटिक सिस्टम, ऑटोमेटिक उपकरण और एआई शामिल हैं।

इन तकनीकों का उद्देश्य सैनिकों की सुरक्षा बढ़ाना खतरनाक माहौल में नुकसान कम से कम और युद्ध क्षेत्र में बेहतर निर्णय क्षमता हासिल करना है। डीआरडीओ द्वारा एआई-आधारित नियंत्रण एवं रक्षा प्रणालियां विकसित की जा रही हैं। आईए जानते हैं भविष्य में दुश्मन देश से लड़ाई की तैयारी क्या है?

डीआरडीओ ह्यूमनोइड/ऑटोनोमस रोबोट्स के किन प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है- डीआरडीओ के पुणे स्थित रिसर्च एंड डेवलपमेंट इस्टेब्लिशमेंट (इंजीनियर्स) ने एक ह्यूमनोइड रोबोट विकसित करने की शुरुआत की है। यह खतरनाक मिशनों में सैनिकों को जोखिम से बचाएगा। इसके ऊपरी और निचले हिस्से के प्रोटोटाइप तैयार हो चुके हैं। यह रोबोट खतरनाक वस्तुओं को संभालने, अवरोधों हटाने, दरवाजे खोलने बंद सकेगा। दिन और रात दोनों तरह के हालात में काम करने के लिए डिज़ाइन हो रहा है।

AI-आधारित हथियार क्या है, जो डीआरडीओ या अन्य भारतीय संस्थाएं विकसित कर रही हैं- गन ऑन ड्रोनः डीआरडीओ ने ऐसी ड्रोन प्रणाली विकसित की है, जहां ड्रोन पर लगी बंदूक लक्ष्य की पहचान कर कमांड सेंटर से प्राप्त आदेश के बाद निशाना साध सकती है।

एक्सोस्केलेटन सूटः ऐसी शक्ति बढ़ाने वाली पोशाक, जो सैनिकों की थकान कम करेगी और उनकी काम करने की अवधि को बढ़ाएगी।

# विजय को पुलिस की बात सुननी चाहिए थी, करूर भगदड़ पर कनिमोझी ने क्या कहा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु के करूर में अभिनेता से नेता बने विजय की रैली में भगदड़ मचने से 41 लोगों की मौत हो गई। रविवार शाम विजय की रैली में हुई भगदड़ के बाद आरोप लगाया गया है कि वे जानबूझकर रैली में देर से पहुंचे, ताकि ज्यादा भीड़ इकट्ठी हो। इसके अलावा उन्होंने प्रशासन से बगैर अनुमति लिए रोड शो किया। भगदड़ को लेकर बढ़ते तनाव के बीच डीएमके नेता कनिमोझी ने धैर्य रखने की अपील की है।

पुलिस की बात सुननी चाहिए- एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, डीएमके नेता कनिमोझी ने कहा, हमें पैनल की रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा गठित एक सदस्यीय आयोग का जिक्र करते हुए कहा कि यह एक सदस्यीय पैनल होगा। जो निष्पक्ष जांच करेगा। वहीं, डीएमके सांसद कनिमोझी ने विजय और उनकी टीवीके पर निशाना साधते हुए कहा- विजय को पुलिस की बात सुननी चाहिए थी।

पुलिस ने विजय की पार्टी के प्रचार बस को कार्यक्रम स्थल से कुछ मीटर की दूरी पर रुकने की सलाह दी थी। हम सभी को पुलिस की बात सुननी चाहिए।

2026 चुनाव की तैयारी- गौरतलब है कि लोकप्रिय अभिनेता विजय 2026 में होने वाले चुनाव के लिए मैदान में उतर गए हैं। पार्टी के प्रचार प्रसार के लिए करूर में रविवार को विजय की सभा थी। इनके भाषण सुनने के लिए 25,000 से ज्यादा लोगों के पहुंचने की उम्मीद थी। इसको लेकर योजना भी बनाई गई थी। लेकिन वहां 30,000 लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई।

जानिए क्या बोली पुलिस- सोमवार को दर्ज हुई एफआईआर के मुताबिक, सुबह 11 बजे तक भारी भीड़ जमा हो गई थी और दोपहर के बाद भी लोग आते रहे। लेकिन भाषण के वक्त विजय कहीं नजर नहीं आएं।

# मुंबई में आई लव मोहम्मद पोस्टर्स से तनाव, पुलिस से शांति बनाए रखने की अपील




नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई सहित महाराष्ट्र के कुछ भागों में आई लव मोहम्मद के पोस्टर लगाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि सभी को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है। लेकिन यदि इससे दो समुदायों में तनाव फैल रहा है, तो यह ठीक नहीं है।

उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में आई लव मोहम्मद के पोस्टर लगने के पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी, और वहां तनाव व्याप्त है। इस घटना के बाद मुंबई में भी कुर्ला एवं मालवणी जैसे मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में आई लव मोहम्मद के पोस्टर और स्टिकर लगाए जा रहे हैं।

थाने में दिया गया ज्ञापन- खासतौर से मुस्लिम ऑटो चालकों के ऑटो रिक्शा रोक-रोककर उनकी विंड स्क्रीन पर आई लव मोहम्मद के स्टिकर लगाए जा रहे हैं। दूसरी ओर मुंबई के मावलणी में स्थानीय मस्जिदों के मौलवियों ने मालवणी पुलिस थाने में एक ज्ञापन देकर पुलिस से कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

ज्ञापन देने गए मौलवियों का कहना है कि सभी को अपना-अपना धर्म मानने का अधिकार है। नबी से प्यार करना हमारा अधिकार है। यदि हमारी तरफ से आईलव मोहम्मद के पोस्टर-स्टिकर लगाए जा रहे हैं, तो इसमें गलत क्या है।

इससे एक दिन पहले ही महाराष्ट्र के अहिल्यानगर (पूर्व नाम अहमदनगर) जिले में सड़क पर रंगोली बनाकर उसके बीच आई लव मोहम्मद लिखे जाने से शहर में तनाव व्याप्त हो गया था। रंगोली बनाने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी कर लिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हम यात्रा पर थे, इसलिए हमें इस विवाद की ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन हमें यह देखना होगा कि कहीं कोई सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश तो नहीं कर रहा है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
हिन्दकुश
info@hindkush.in
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
जागृयाम
info@jagrayam.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण



सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 शुक्ल नवमी


## संपादकीय

# वैश्विक स्तरपर वर्तमान आधुनिक और डिजिटल युग में अपराधों का स्वरूप तेजी से बदल रहा है...



वैश्विक स्तरपर वर्तमान आधुनिक और डिजिटल युग में अपराधों का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। जेबकटी, मोबाइल चोरी और डिजिटल वॉलेट से धन उड़ाने जैसी घटनाएं अब केवल स्थानीय समस्या नहीं रहीं, बल्कि एक वैश्विक चुनौती बन चुकी हैं। आज के हुनरमंद चोर इतनी सफाई से काम करते हैं कि पीड़ितों को पता ही नहीं चलता कि उनकी जेब से पैसा या मोबाइल कब और कैसे गायब हो गया। यह अपराध केवल आर्थिक नुकसान नहीं पहुँचाता, बल्कि सामाजिक असुरक्षा, मनोवैज्ञानिक दबाव और कानून व्यवस्था पर भी गहरा असर डालता है।पीड़ित अक्सर रिपोर्ट दर्ज नहीं कराते- 25 पर्सेंट तक ही रिपोर्ट दर्ज होने का मैंने अंदाज लगाया हूं । रिपोर्टिंग न होने के कारण अपराधियों का डिटेक्शन और ट्रैकिंग मुश्किल होती है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र ऐसा मानता हूं कि आधुनिक शहरी भीड़, डिजिटल पेमेंट का प्रसार और त्योहारों पर बढ़ी भीड़-मास्ट्रेस का मिलन एक ऐसा परिदृश्य पैदा करता है जहाँ पारंपरिक जेबकटी अब केवल शौक़ीन अपराध नहीं बल्कि संगठित अपराधियों के लिए एक व्यवस्थित मुनाफ़े का साधन बन गया है। मोबाइल चुराने की कला सिर्फ़ ÷समर्थता÷ नहीं, बल्कि डिजिटलीकृत आर्थिक चोरी,जैसे मोबाइल वॉलेट रिक्त कर देना, ओटीपी चुराकर ट्रांज़ैक्शन करनें में तब्दील हो चुकी है। दुनियाँ के कई बड़े शहरों में ऐसा देखा गया है कि भीड़-भाड़ वालेसार्वजनिक क्षेत्र और त्यौहारों के आयोजन अपराधियों के लक्षित क्षेत्र बन जाते हैं। भारत में भीइस ओर अपराध तेज़ी से बढ़े है और अब यह अकेले व्यक्तिगत अपराध न रहकर रैकेट-आधारित संगठनों का हिस्सा बनते जा रहे है।हुनरमंद चोरों की विशेषता है उनकी चतुराई, टीमवर्क और भीड़-भाड़ का मूलभूत उपयोग। वे शोषण के ऐसे तरीक़े अपनाते हैं जिनमें पीड़ितों को घटना का एहसास तब होता है जब बहुत देर हो चुकी होती है। मोबाइल की चोरी के साथ ही डिजिटल धन का दुरुपयोग सिम स्वैप, ओटीपी का व्यवधान, फोन चोरी कर फिर उससे बैंक एप्स के लॉगिन,जैसी तकनीकें जोड़ दी गई हैं। नतीजाप्पीड़ित न केवल एक वस्तु खोते हैं बल्कि उनकी आर्थिक सुरक्षा, निजी डाटा और भावनात्मक स्थिरता भी प्रभावित होती है। समाज पर इससे बड़ा प्रभाव पड़ता है सार्वजनिक जगहों पर असुरक्षा का भाव, त्योहारों पर घबराहट और छोटे व्यवसायियों के लिए ग्राहकों का कम आना।

साथियों बात अगर हम हुनरमंद चोरों की कार्यशैली और उनकी पहचान की करें तो,आधुनिक समय के जेबकतरे और मोबाइल चोर पारंपरिक चोरों से बिल्कुल अलग हैं। ये अपराधी न केवल शारीरिक रूप से चालाक होते हैं बल्कि मानसिक रूप से भी बेहद सजग रहते हैं। भीड़-भाड़ वाली जगहों जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार, धार्मिक मेले, त्योहारों के आयोजन, और मॉल्स में यह अपराधी अपनी ÷कला÷ का प्रदर्शन करते हैं।वे भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल और पर्स निकाल लेते हैं।कई बार दो-तीन लोगों का गैंग बनाकर काम करते हैंएक ध्यान भटकाता है, दूसरा चोरी करता है और तीसरा माल लेकर तुरंत भाग जाता है।चोरी के तुरंत बाद मोबाइल का सिम निकालकर या उसे स्विच ऑफ करके ब्लैक मार्केट में बेच देते हैं।इस स्थिति में पुलिस व जनता दोनों के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि चेहरे पहचानना और अपराधियों को सार्वजनिक रूप से बेनकाब करना। अगर इन्हें पब्लिक डोमेन में उजागर किया जाए तो जनता सतर्क रहेगी और अपराधियों पर दबाव बनेगा।

# पंडित श्रद्धाराम शर्मा



पंडित श्रद्धाराम शर्मा अथवा श्रद्धाराम फिल्लौरी एक प्रसिद्ध ज्योतिषी थे, किन्तु एक ज्योतिषी के रूप में उन्हें वह प्रसिद्धि नहीं मिली, जो इनके द्वारा लिखी गई अमर आरती ओम जय जगदीश हरे के कारण मिली। सम्पूर्ण भारत में पंडित श्रद्धाराम शर्मा द्वारा लिखित ओम जय जगदीश हरे की आरती गाई जाती है। श्रद्धाराम शर्मा जी ने इस आरती की रचना 1870 ई. में की थी। पंडित जी सनातन धर्म प्रचारक, ज्योतिषी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और संगीतज्ञ होने के साथ-साथ हिन्दी और पंजाबी के प्रसिद्ध साहित्यकार भी थे। अपनी विलक्षण प्रतिभा और ओजस्वी वाक्पटुता के बल पर उन्होंने पंजाब में नवीन सामाजिक चेतना एवं धार्मिक उत्साह जगाया था, जिससे आगे चलकर आर्य समाज के लिये पहले से निर्मित एक उर्वर भूमि मिली।

जन्म- क़रीब डेढ़ सौ वर्ष में मंत्र और शास्त्र की तरह लोकप्रिय हो गई ओम जय जगदीश हरे आरती जैसे भावपूर्ण गीत की रचना करने वाले पंडित श्रद्धाराम शर्मा का जन्म ब्राह्मण कुल में 30 सितम्बर, 1837 में पंजाब के जालंधर ज़िले में लुधियाना के पास एक गाँव फ़िल्लौरी (फुल्लौर) में हुआ था। उनके पिता जयदयालु स्वयं एक अच्छे ज्योतिषी और धार्मिक प्रवृत्ति के थे। ऐसे में बालक श्रद्धाराम को बचपन से ही धार्मिक संस्कार विरासत में मिले थे। पिता ने अपने बेटे का भविष्य पढ़ लिया था और भविष्यवाणी की थी कि ये बालक अपनी लघु जीवनी में चमत्कारी प्रभाव वाले कार्य करेगा।

शिक्षा तथा विवाह- बचपन से ही श्रद्धाराम शर्मा जी की ज्योतिष और साहित्य के विषय में गहरी रुचि थी। उन्होंने वैसे तो किसी प्रकार की शिक्षा हासिल नहीं की थी, परंतु उन्होंने सन 1844 में अर्थात् मात्र सात वर्ष की उम्र में ही गुरुमुखी लिपि सीख ली थी। दस साल की उम्र में संस्कृत, हिन्दी, फ़ारसी, पर्शियन (पारसी) तथा ज्योतिष आदि की पढ़ाई शुरू की और कुछ ही वर्षों में वे इन सभी विषयों के निष्णात हो गए। उनका विवाह एक सिक्ख महिला महताब कौर के साथ हुआ था।

श्रेष्ठ साहित्यकार- पंडित श्रद्धाराम शर्मा सनातन धर्म प्रचारक, ज्योतिषी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, संगीतज्ञ तथा हिन्दी के ही नहीं, बल्कि पंजाबी के भी श्रेष्ठ साहित्यकारों में से एक थे। इनकी गिनती उन्नीसवीं शताब्दी के श्रेष्ठ साहित्यकारों में होती थी। अपनी विलक्षण प्रतिभा और ओजस्वी वक्तृता के बल पर उन्होंने पंजाब में नवीन सामाजिक चेतना एवं धार्मिक उत्साह जगाया, जिससे आगे चलकर आर्य समाज के लिये पहले से निर्मित उर्वर भूमि मिली। उनका लिखा उपन्यास भाग्यवती हिन्दी के आरंभिक उपन्यासों में गिना जाता है। पं. श्रद्धाराम शर्मा गुरुमुखी और पंजाबी के अच्छे जानकार थे और उन्होंने अपनी पहली पुस्तक गुरुमुखी मे ही लिखी थी; परंतु वे मानते थे कि हिन्दी के माध्यम से इस देश के ज़्यादा से ज़्यादा लोगों तक अपनी बात पहुंचाई जा सकती है। उन्होंने अपने साहित्य और व्याख्यानों से सामाजिक कुरीतियों और अंधविश्वासों के ख़िलाफ़ जबर्दस्त माहौल बनाया था। उन्होंने सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार किया और उसी क्रम में ओम जय जगदीश हरे आरती रची।

पुस्तक लेखन- पंडित श्रद्धाराम शर्मा ने सन 1866 में पंजाबी (गुरुमुखी) में सिखों दे राज दी विथिया और पंजाबी बातचीत जैसी किताबें लिखकर मानो क्रांति ही कर दी। अपनी पहली ही पुस्तक सिखों दे राज दी विथिया से वे पंजाबी साहित्य के पितृपुरुष के रूप में प्रतिष्ठित हो गए और उनको आधुनिक पंजाबी भाषा के जनक की उपाधि मिली। बाद में इस रचना का रोमन में अनुवाद भी हुआ। इस पुस्तक में सिक्ख धर्म की स्थापना और इसकी नीतियों के बारे में बहुत सार गर्भित रूप से बताया गया था। पुस्तक में तीन अध्याय हैं। इसके तीसरे और अंतिम अध्याय में पंजाब की संकृति, लोक परंपराओं, लोक संगीत, व्यवहार आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई थी। इसी कारण से शायद इस पुस्तक को उच्च कक्षा की पढाई के लिए चुना गया। अंग्रेज़ सरकार ने तब होने वाली आई.सी.एस. (जिसका भारतीय नाम अब आई.ए.एस. हो गया है) परीक्षा के कोर्स में, अनिवार्य पठनीय पुस्तक विषय के रूप में इस पुस्तक को शामिल किया था। पंजाबी बातचीत में मालवा, मझ्झ जैसे प्रान्तों में जो इस्तेमाल की जातीं हैं, वह बोली, बातचीत, पहनावा, सोच, मुहावरे, कहावतें जैसी बातों को समेटा गया है। पंजाबी बातचीत को अंग्रेज़ ब्रिटिश राज के समय पंजाबी भाषा सीखने के लिए सबसे बड़ा सहारा समझते थे।

## ओम जय जगदीश हरे की रचना

पंडित श्रद्धाराम शर्मा का गुरुमुखी और हिन्दी साहित्य में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। 1870 में 32 वर्ष की उम्र में पंडित श्रद्धाराम शर्मा ने ओम जय जगदीश हरे आरती की रचना की। उनकी विद्वता और भारतीय धार्मिक विषयों पर उनकी वैज्ञानिक दृष्टि के लोग कायल हो गए थे। जगह-जगह पर उनको धार्मिक विषयों पर व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया जाता था और तब हजारों की संख्या में लोग उनको सुनने आते थे। वे लोगों के बीच जब भी जाते, अपनी लिखी ओम जय जगदीश हरे की आरती गाकर सुनाते। उनकी आरती सुनकर तो मानों लोग बेसुध से हो जाते थे। आरती के बोल लोगों की जुबान पर ऐसे चढ़े कि आज कई पीढ़ियाँ गुजर जाने के बाद भी उनके शब्दों का जादू क़ायम है। इस आरती का उपयोग प्रसिद्ध निर्माता-निर्देशक और हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता मनोज कुमार ने अपनी सुपरहिट फ़िल्म पूरब और पश्चिम में किया था और इसलिए कई लोग इस आरती के साथ मनोज कुमार का नाम जोड़ देते हैं।

भारत के घर-घर और मंदिरों में ओम जय जगदीश हरे के शब्द वर्षों से गूंज रहे हैं। दुनिया के किसी भी कोने में बसे किसी भी सनातनी हिन्दू परिवार में ऐसा व्यक्ति खोजना मुश्किल है, जिसके हृदय-पटल पर बचपन के संस्कारों में ओम जय जगदीश हरे के शब्दों की छाप न पड़ी हो। इस आरती के शब्द उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत के हर घर और मंदिर मे पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ गाए जाते हैं। बच्चे से लेकर युवाओं को और कुछ याद रहे या न रहे, इसके बोल इतने सहज, सरल और भावपूर्ण है कि एक दो बार सुनने मात्र से इसकी हर एक पंक्ति दिल और दिमाग में रच-बस जाती है। हजारों साल पूर्व हुए हमारे ज्ञात-अज्ञात ऋषियों ने परमात्मा की प्रार्थना के लिए जो भी श्लोक और भक्ति गीत रचे, ओम जय जगदीश की आरती की भक्ति रस धारा ने उन सभी को अपने अंदर समाहित-सा कर लिया है। यह एक आरती संस्कृत के हजारों श्लोकों, स्तोत्रों और मंत्रों का निचोड़ है।

किसी भी कृति का कालजयी होना इसी तथ्य से प्रमाणित होता है कि जब कृति उस कर्ता की न होकर समाज के प्रत्येक व्यक्ति की, अपनी-सी बन जाये। जिस तरह रामचरितमानस या श्रीमद्भगवद गीता या नानक बानी कालांतर में बन पायी है। इसी तरह श्रद्धाराम शर्मा जी द्वारा लिखी ओम जय जगदीश हरे आज हरेक सनातनी, हिन्दू धर्मी के लिए श्रद्धा का पर्याय बन गयी है। इस आरती का प्रत्येक शब्द श्रद्धा से भीगा हुआ, ईश्वर की प्रार्थना और मनुष्य की श्रद्धा को प्रतिबिंबित करता है।

## जनजागरण का कार्य

वैसे पंडित श्रद्धाराम शर्मा धार्मिक कथाओं और आख्यानों के लिए काफ़ी प्रसिद्ध थे। उन्होंने धार्मिक कथाओं और आख्यानों का उद्धरण देते हुए अंग्रेज़ हुकुमत के ख़िलाफ़ जनजागरण का ऐसा वातावरण तैयार किया कि उनका आख्यान सुनकर हर एक व्यक्ति के भीतर देशभक्ति की भावना भर जाती थी। इससे अंग्रेज़ सरकार की नींद उड़ गई। श्रद्धाराम जी देश के स्वतन्त्रता आन्दोलनों में भाग लेने तथा अपने भाषणों में महाभारत के उद्धरणों का उल्लेख करते हुए ब्रिटिश सरकार को उखाड़ फेंकने का संदेश देते थे और लोगों में क्रांतिकारी विचार पैदा करते थे।

# भारत के रुपये का हाल हुआ बेहाल, डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड 88.80 के ऑल टाइम लो पर पहुंचा



नई दिल्ली (एजेंसी)। मंगलवार को भारतीय रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। अमेरिका के साथ व्यापार तनाव के कारण डॉलर की मांग में भारी वृद्धि हुई और केंद्रीय बैंकों ने मुद्रा को सहारा देने के लिए हस्तक्षेप किया। रुपया 88.80 के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले सप्ताह के 88.7975 के पिछले निचले स्तर से भी नीचे चला गया। पिछली बार यह 88.7550 पर था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 88.73 पर खुला। कारोबार के दौरान 88.69 से 88.80 प्रति डॉलर के दायरे में कारोबार करने के बाद अंत में 88.79 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे की गिरावट है। इसी बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.79 पर आ गया।

अमेरिका के साथ व्यापार समझौता अभी भी अटका हुआ है, और हाल ही में अमेरिकी एच-1बी वीज़ा शुल्क में हुई बढ़ोतरी ने मुद्रा की कमज़ोरी को और बढ़ा दिया है, ऐसे में बाज़ार सहभागियों को मुद्रा की स्थिति में बदलाव की उम्मीद कम ही दिख रही है।

विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि एच-1बी वीजा शुल्क बढ़ाने के अमेरिकी फैसले से भारत के प्रौद्योगिकी क्षेत्र के राजस्व पर असर पड़ सकता है और नए सिरे से इक्विटी निकासी शुरू हो सकती है।

भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली का माहौल- वीजा शुल्क में वृद्धि के बाद विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयरों की बिकवाली तेज कर दी है और पिछले छह सत्रों में बाजार से 2 अरब डॉलर से ज्यादा की निकासी की है। यह सितंबर के पहले तीन हफ्ते में निकाले गए लगभग 80 करोड़ डॉलर के मुकाबले काफी ज्यादा है, जो पोर्टफोलियो प्रवाह पर दबाव को दर्शाता है।

अक्टूबर के त्यौहारी सीजन से पहले आभूषण आयातकों की डॉलर की मांग ने रुपये की गिरावट को और बढ़ा दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक रुपये की गिरावट को कम करने के लिए सरकारी बैंकों के ज़रिए हस्तक्षेप कर रहा है, और मंगलवार को भी यह हस्तक्षेप जारी रहने की संभावना है।

## धड़ाम से गिरी चांदी, अचानक 2500 से ज्यादा आई गिरावट



नई दिल्ली (एजेंसी)। एमसीएक्स में अचानक से चांदी में गिरावट आई है। बीते कुछ दिनों से सोना और चांदी में लगातार बढ़ोतरी आ रही थी। दोपहर 3.28 बजे एमसीएक्स में चांदी का भाव 2613 रुपये गिरा है। इसमें लगातार गिरावट देखी जा रही है। बीते कुछ दिनों से चांदी की कीमत रॉकेट बनी हुई थी।

दोपहर 3.43 बजे चांदी की कीमत 140,997 रुपये प्रति किलो चल रही है। इसमें अभी 2102 रुपये प्रति किलो की गिरावट है। चांदी ने अब तक 140,050 रुपये प्रति किलो का लो रिकॉर्ड और 143099 रुपये प्रति किलो का हाई रिकॉर्ड बनाया है।

IBJA की बात करें तो चांदी की कीमत में यहां 960 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कल यानी 29 सितंबर को 1 किलो चांदी की कीमत 144100 रुपये थी। आज 1 किलो चांदी की कीमत 145060 रुपये दर्ज की गई है।

दोपहर 3.57 बजे 24 कैरेट सोने की कीमत में 465 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट देखी जा रही है। अभी 10 ग्राम सोने का दाम 116015 रुपये दर्ज किया गया है। सोने ने अब तक 115460 रुपये का लो रिकॉर्ड और 117788 रुपये प्रति 10 ग्राम का हाई रिकॉर्ड बनाया है।पटना में सोने और चांदी की कीमत सबसे कम है।

## शैंपू से लेकर दाल तक...ऑनलाइन कंपनियां GST Rate Cut का फायदा ग्राहकों को दे रहीं या नहीं? होने जा रही कार्रवाई




नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर सख्ती बढ़ा दी है। सरकार यह देख रही है कि शैंपू से लेकर दाल तक रोजमर्रा के सस्ते प्रोडक्ट्स पर हुए तस्ज्ञ रेट कट का फायदा ग्राहकों तक पहुंच रहा है या नहीं। सूत्रों के मुताबिक कुछ ई-कॉमर्स कंपनियों को अनौपचारिक रूप से चेतावनी भी दी गई है।

शिकायतें मिल रही थीं कि कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स ने टैक्स कम होने के बावजूद दाम में उतनी कमी नहीं की। इसके बाद राजस्व विभाग ने इन कंपनियों की कीमतों पर नजर रखना शुरू किया है। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी हालत में टैक्स कटौती का सीधा फायदा उपभोक्ताओं तक जाना चाहिए।

कंपनियां बना रहीं क्या बहाना- जब सरकार ने दाम में गड़बड़ी की बात उठाई, तो कुछ प्लेटफॉर्म्स ने इसे टेक्निकल गड़बड़ी बताया। हालांकि सरकार का कहना है कि सख्त निगरानी जारी रहेगी और नियमों का पालन न करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

लागू हो चुका है नया टैक्स स्लैब- 22 सितंबर से तस्ज्ञ की नई दरें लागू हो गई हैं। अब केवल दो स्लैब हैं- 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत। पहले 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दरें थीं। नए ढांचे से करीब 99त्र रोजमर्रा के सामान सस्ते हुए हैं।

कई कंपनियों ने की ऐसी पहल- कई कंपनियों ने खुद आगे आकर कहा है कि उन्होंने प्रोडक्ट्स की कीमतें घटाकर टैक्स कटौती का लाभ ग्राहकों को दिया है। हालांकि सरकार अब भी लगातार मॉनिटरिंग कर रही है।

फील्ड ऑफिसर्स की रिपोर्ट- 9 सितंबर को वित्त मंत्रालय ने सेंट्रल तस्ज्ञ ऑफिसर्स को चिट्ठी लिखी थी। इसमें कहा गया था कि 54 जरूरी सामानों की कीमतों में बदलाव की रिपोर्ट हर महीने दी जाए। पहली रिपोर्ट CBIC को इस हफ्ते सौंपी जानी है। इसमें ब्रांड-वाइज अधिकतम खुदरा मूल्य की तुलना की जाएगी।

## खूब बिक रही हैं कारें, क्या फाइनेंसिंग कंपनियों के शेयरों में आएगी तेजी, कौन से शेयरों पर लगाएं दांव?



नई दिल्ली (एजेंसी)। जीएसटी की नई दरें लागू होने के बाद कार व अन्य वाहनों की बिक्री में तेजी देखी गई है। ऐसे में आने वाले समय में फाइनेंशियल शेयरों, खासकर व्हीकल फाइनेंसिंग से जुड़ी कंपनियों के स्टॉक्स में तेजी देखने को मिल सकती है। अगर आप एनबीएफसी कंपनियों में निवेश करने का मन बना रहे हैं तो कमर्शियल व्हीकल फाइनेंसिंग से जुड़ी कंपनियों में पैसा लगा सकते हैं। घरेलू ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल ने वाहनों पर जीएसटी दरों में कटौती के बाद इन शेयरों पर तेजी का रुख जताया है, और श्रीराम फाइनेंस, चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस व महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयरों पर खरीदी की राय दी है। खास बात है कि ब्रोकरेज फर्म ने इन शेयरों में श्रीराम फाइनेंस को अपनी पसंदीदा पसंद बताया है। आइये आपको बताते हैं देश की चौथी सबसे बड़ी एनबीएफसी कंपनी श्रीराम फाइनेंस के शेयरों से जुड़े अहम लेवल

श्रीराम फाइनेंस के शेयर फिलहाल 615.85 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। पिछले 3 महीनों में यह शेयर 12 फीसदी से ज्यादा टूट गया है। 29 अगस्त को शेयरों ने 566 रुपये का निचला स्तर छुआ था और अब तेजी के साथ 600 रुपये के ऊपर ट्रेड कर रहा है। आनंद राठी इन्वेस्टमेंट सर्विसेज में इक्विटी रिसर्च के सीनियर मैनेजर, जिगर एस पटेल ने श्रीराम फाइनेंस के शेयरों में खरीदी के लिए अहम लेवल दिए हैं।

# सरकार ने निर्यात उत्पाद शुल्क की वापसी योजना अगले साल मार्च तक बढ़ाई; कृषि, कपड़ा और इंजीनियरिंग जैसी वस्तुओं पर फायदा



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने मंगलवार को निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की वापसी (आरओडीटीईपी) योजना को छह महीने के लिए बढ़ाकर 31 मार्च, 2026 तक कर दिया। निर्यातकों को राहत देने के लिए लाई गई यह योजना 30 सितंबर, 2025 को समाप्त होने वाली थी।

जनवरी, 2021 में शुरू हुई आरओडीटीईपी योजना के तहत निर्यातकों को उन करों, शुल्कों और उपकरों को वापस कर दिया जाता है जो विनिर्माण एवं वितरण प्रक्रिया के दौरान लगते हैं और केंद्र, राज्य या स्थानीय स्तर पर अन्य किसी व्यवस्था से उनकी वापसी नहीं होती है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि घरेलू सीमा-शुल्क क्षेत्र के अलावा अग्रिम प्राधिकार धारकों, विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) और निर्यात-उन्मुख इकाइयों (ईओयू) को भी मार्च 2026 तक योजना का लाभ मिलता रहेगा।

योजना के तहत संशोधित दरें यथावत लागू रहेंगी। वर्तमान में कर वापसी की दरें विभिन्न निर्यात उत्पादों के लिए 0.3 प्रतिशत से 3.9 प्रतिशत तक हैं। भारतीय निर्यातकों का शीर्ष निकाय फियो के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा, ''समय सीमा को आगे बढ़ाने का यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब वैश्विक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण बनी हुई हैं। इसने निर्यातकों के सामने बनी अनिश्चितता को दूर किया है जिससे उन्हें आत्मविश्वास के साथ निर्यात योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी।'' रल्हन ने कहा कि योजना ने भारतीय निर्यात को प्रतिस्पर्धी बनाने में अहम भूमिका निभाई है और इसका आगे भी जारी रहना मौजूदा वैश्विक व्यापार परिदृश्य में गति बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

## शेयर बाजार से डिलिस्ट होगी ये कंपनी, एजीएम में शेयरधारकों ने दी मंजूरी; पर चिंता की बात नहीं



नई दिल्ली (एजेंसी)। अंबिका कॉटन मिल्स लिमिटेड के शेयरधारकों ने 27 सितंबर, 2025 को आयोजित कंपनी की 37वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में बीएसई लिमिटेड (बीएसई) से कंपनी के इक्विटी शेयरों की स्वैच्छिक डीलिस्टिंग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। विशेष प्रस्ताव के रूप में इस प्रस्ताव को भारी समर्थन मिला और इसके पक्ष में 95त्र से अधिक मत पड़े। जांचकर्ता की रिपोर्ट के अनुसार, केवल कुछ ही शेयरधारकों ने इस कदम के खिलाफ मतदान किया, जबकि कुछ मत प्रक्रियागत खामियों के कारण अमान्य घोषित कर दिए गए।

कंपनी ने स्पष्ट किया कि डीलिस्टिंग स्वैच्छिक और रणनीतिक है और निवेशकों को आश्वस्त किया कि चिंता का कोई कारण नहीं है। अंबिका कॉटन मिल्स नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में अपनी लिस्टिंग बनाए रखे हुए है, जिससे शेयरधारकों के लिए निरंतर बाजार पहुंच और लिक्विडिटी तय हो रही है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# GST टीम की बड़ी कार्रवाई... बुरहानपुर में गुटखा व्यापारी की दो फर्मों में पकड़ी चोरी, जमा कराए 66 लाख



बुरहानपुर। जीएसटी विभाग की टीम ने शहर के दो गुटखा व्यापारियों के यहां छापेमारी कर लाखों की जीएसटी चोरी पकड़ी है। प्रारंभिक जांच के बाद व्यापारियों से जीएसटी और जुर्माने के रूप में 66 लाख रुपये जमा कराए गए हैं। दस्तावेजों की छानबीन के बाद जीएसटी चोरी की राशि और बढ़ने का अनुमान है। जिन फर्मों पर छापेमारी की गई है, उनमें अजय वासवानी की गणेश एजेंसी और गुरुनानक ट्रेडर्स शामिल हैं। गणेश एजेंसी के दर्यापुर स्थित गोदाम और गुरुनानक ट्रेडर्स के नगर निगम कार्यालय के पास स्थित गोदाम को सील कर दिया गया है।

25 से ज्यादा अधिकारियों की 6 टीमों ने की कार्रवाई

जीएसटी विभाग के सहायक आयुक्त यूसुफ खान ने बताया कि 24 सितंबर को की गई छापेमारी में खंडवा, खरगोन और बुरहानपुर के 25 से ज्यादा अधिकारी शामिल थे। ज्वाइंट कमिश्नर रजनीश पटेल के नेतृत्व में अधिकारियों को छह टीमों में बांटा गया था। इन टीमों ने दोनों फर्मों के गोदामों और बस स्टैंड स्थित दुकानों में छानबीन की थी। जिसमें बड़ी मात्रा में बिना बिल का गुटखा भी पाया गया था। दो दिन की जांच के बाद गुरुनानक ट्रेडस से 13 लाख और गणेश एजेंसी से 53 लाख रुपये जमा कराए गए हैं।

महाराष्ट्र में चोरी छिपे सप्लाई

विमल, राजश्री सहित अन्य पान मसालों पर पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में प्रतिबंध लगा हुआ है। वहां इनका न तो विक्रय किया जा सकता और न उपयोग किया जा सकता है। बावजूद इसके शहर के गुटखा व्यापारी चोरी छिपे बड़ी मात्रा में गुटखा महाराष्ट्र पहुंचाते हैं। ट्रकों व अन्य माध्यमों से महाराष्ट्र पहुंचने वाला गुटखा चोरी छिपे फुटकर विक्रेताओं तक पहुंचता है। जिसे डेढ़ से दोगुने दाम पर बेचा जाता है। शहर के व्यापारी भी इसके तय मूल्य से ज्यादा दाम लेकर माल पहुंचाते हैं।

कई बार पकड़ा जा चुका गुटखा

उल्लेखनीय है कि बुरहानपुर से सप्लाई किया जाने वाला गुटखा महाराष्ट्र में कई बार पुलिस द्वारा पकड़ा जा चुका है। कुछ माह पहले एक बड़ी खेप पकड़े जाने के बाद पुलिस की टीम सिंधी बस्ती भी पहुंची थी, लेकिन संबंधित युवक हाथ नहीं लगा था। मुनाफा अधिक होने के कारण व्यापारी लगातार इसकी सप्लाई कर रहे हैं।

# चित्रकूट के समीप आकाशीय बिजली गिरने से आठ लोग घायल, एक



चित्रकूट। बरौंधा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लालपुर (पडड़ी) के कोरियान मोहल्ला में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहाँ मंदिर के पास देवी की पूजा कर रही महिलाओं और बच्चों के समीप अचानक आकाशीय बिजली गिरने से अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में कुल आठ लोग घायल हुए हैं, जिनमें अधिकांश महिलाएँ शामिल हैं। सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से मझगवां अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ उनका इलाज जारी है। इनमें से एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि अधिकांश घायलों की स्थिति सामान्य है, लेकिन एक महिला को गहन चिकित्सा में रखा गया है।

घटना से गाँव में दहशत

घटना के बाद पूरे गाँव में भय और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि महिलाएँ मंदिर परिसर में अष्टमी पूजा कर रही थीं, तभी तेज गर्जन और चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरी और हादसा हो गया।घायलों की यह है सूची

नीली प्रजापति पिता रामहित यादव, उम्र 14 वर्ष (महिला)

राजकुमार पिता रामूलाल, उम्र 40 वर्ष (पुरुष)

रिया गौतम पिता रामेश, उम्र 16 वर्ष (महिला)

ममता यादव पिता रामसमुझ, उम्र 22 वर्ष (महिला)

अर्चना पिता सुरेन्द्र, उम्र 18 वर्ष (महिला)

आंचल पिता यदुवंशी, उम्र 16 वर्ष (महिला)

रूकमणी यादव पिता बृजमोहन, उम्र 21 वर्ष (महिला)

अनिल पिता सुरेन्द्र चन्द्र, उम्र 12 वर्ष (पुरुष)

# भोपाल के पुलिस स्टेशन में ही सुरक्षित नहीं महिला, शिकायत लेकर पहुंची महिला का टीआई ने छीना मोबाइल

भोपाल। बिलखिरिया थाने में शिकायत आवेदन न लिए जाने पर महिला आवेदक और थाना प्रभारी के बीच विवाद हो गया। शिकायतकर्ता मांडवी साहू ने इस घटना का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर साझा किया और डीजीपी से शिकायत की।

महिला का आरोप है कि वह जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत दर्ज कराने आई थीं, लेकिन थाना प्रभारी ने मामले में कार्रवाई करने से इनकार कर दिया और न्यायालय जाने की सलाह दी। जब महिला ने पुलिस कर्मचारियों के असहयोग का वीडियो बनाने का प्रयास किया, तो थाना प्रभारी उमेश सिंह चौहान ने उसका मोबाइल छीन लिया और उसे टेबल पर पटक दिया।

पुलिस ने क्या कहा

थाना प्रभारी चौहान ने बताया कि महिला के मामले में 2022 में पहले ही प्रकरण दर्ज किया जा चुका है, जिसमें चालान न्यायालय में पेश किया जा चुका है। जमीन विवाद में 28 आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद सभी को जमानत पर रिहा किया गया है। महिला ने पुराने प्रकरण में दोबारा शिकायत दर्ज करने की मांग की, जिस पर थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि इस पर कार्रवाई कैसे की जा सकती है। महिला को सलाह दी गई थी कि वह न्यायालय में चल रहे प्रकरण की पेशी में तथ्यों को प्रस्तुत करें, लेकिन वह सुनने को तैयार नहीं थीं।

# भाजपा नेता की गुंडागर्दी... मामूली विवाद में कर डाली हवाई फायरिंग, 8 पर केस दर्ज



देवास। भौरासा थाना क्षेत्र के गांव महुड़ी में मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गई जब गाड़ी निकालने के मामूली विवाद में भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री व परिवार वालों ने एक के बाद एक ताबड़तोड़ कई हवाई फायर कर दिए। फायरिंग वाहन निकालने की मामूली बात पर हुई कहासुनी के मामले में की गई हालांकि गनीमत रही कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद 8 आरोपियों पर केस दर्ज करके जांच शुरू की है।

**क्या था पूरा मामला?**-भौरासा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी विजय सिंह धाकड़ ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि सोमवार रात को दशरथ सिंह धाकड़ के बेटे पृथ्वीराज ने गाड़ी निकालने की बात को लेकर गालीगलौज की थी। विवाद ज्यादा ना बढ़े इसको लेकर मंगलवार को हम लोग चर्चा करने के लिए मंदिर पृथ्वीराज के पिता दशरथ सिंह से मिलने पहुंचे। उस दौरान वह पूजा कर रहे थे इसी दौरान उसके भाई लाखन व सूरज आए तो हमने उनसे कहा कि विवाद ना बढ़े इसलिए बैठकर चर्चा कर लेते हैं। इसी दौरान राजवीर और पृथ्वीराज आ गए इनमें से एक ने अपने हाथ में पिस्टल ले रखी थी व दूसरे के हाथ में कट्टे जैसा हथियार था। गाली गलौज करते हुए दोनों ने हवाई फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान लकी नाम का आरोपित 12 बोर की बंदूक लेकर आ गया और दशरथ सिंह उसे लेकर घूमते फिरते हुए गाली-गलौज करने लगा। बाद में दशरथ ने अपने बेटे राजवीर से पिस्टल लेकर हवाई फायर किए।

**इन आरोपियों पर दर्ज हुआ केस**-मामले में पुलिस ने आरोपित भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री दशरथ सिंह धाकड, उसके भाई लाखन व सूरज सिंह धाकड़, दशरथ के बेटे राजवीर, पृथ्वीराज धाकड़ युवराज धाकड़ सहित परिवार के ही लक्की धाकड़ और रवि धाकड़ पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। टीआई प्रीति कटारे ने बताया आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# अमृत सरोवर में नहाते हुए बेटी को बचाने में मां डूबी, दोनों की मौत

शहडोल। मध्यप्रदेश के गोहपारू थाना क्षेत्र के ग्राम बरहा में सोमवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां तालाब में नहाने गईं मां-बेटी की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान 10 वर्षीय आशिया खान और उसकी मां तरनूम खान के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल छा गया।

पुलिस के अनुसार आशिया अपनी मां तरनूम और सहेलियों के साथ गांव के अमृत सरोवर तालाब में नहा रही थी। नहाते समय आशिया अचानक गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। बेटी को बचाने के लिए मां तरनूम भी गहरे पानी में उतरीं, लेकिन तैरना न आने के कारण वह भी पानी में डूब गईं। कुछ ही देर में दोनों की मौत हो गई। गांव में मचा कोहराम

तालाब के बाहर मौजूद अन्य महिलाओं ने यह घटना देखकर शोर मचाया और गांव वालों को बुलाया। जब तक लोग मौके पर पहुंचे और बचाव की कोशिश की, तब तक मां-बेटी की जिंदगी खत्म हो चुकी थी। पुलिस को सूचना दी गई और ग्रामीणों की मदद से दोनों के शव तालाब से निकाले गए।

तालाब का पानी बना हादसे का कारणगोहपारू पुलिस ने बताया कि अमृत सरोवर तालाब इस बार भारी बारिश के कारण पूरी तरह से लबालब भरा हुआ है। गहराई अधिक होने और तैरना न जानने की वजह से यह दुखद घटना हुई।

जांच जारी फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया है और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।



# इंदौर में निर्मित विश्व के सबसे बड़े अस्थायी पंडाल को मिला 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में नाम

## उल्लू के आकार के प्रवेश द्वार के साथ इंदौर में निर्मित हुआ है सबसे बड़ा अस्थायी पंडाल



इंदौर। इंदौर में चल रहे अति विशाल नवरात्रि महामहोत्सव को लेकर 25 एकड़ में 200 से ज्यादा कारीगरों की मेहनत सफल हुई है। विश्व के सबसे बड़े अस्थायी पंडाल को रविवार की रात 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में शामिल किया गया है। देवी दुर्गा के 23 दिव्य रूपों वाले पंडाल के बाहर निर्मित उल्लू के आकार के प्रवेश द्वार ने इसे और भव्य बना दिया, जिसके बाद ये पंडाल अवॉर्ड का हकदार बना। रविवार की रात देवी भागवत कथा से 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' की घोषणा की गई। इसी दौरान यहां मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी पहुंचे, जिन्हें जगतगुरू ने प्रथम स्वर्ण लेपित अष्ट कलश भेंट किया।

कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज के सानिध्य में ये विशाल नवरात्रि महामहोत्सव वीआईपी परस्पर नगर, इंदौर में 22 सितंबर से चल रहा है। 2 अक्टूबर तक यहां हर दिन विशेष साधना, महायज्ञ, देवी भागवत कथा, प्रवचन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। रविवार की रात मंच से 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' की घोषणा के साथ ही देवी भागवत कथा का पंडाल देवी के जयकारे से गूंज उठा। 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' के प्रतिनिधियों ने बताया कि इंदौर में आयोजित होने वाले नवरात्रि महोत्सव के लिए उल्लू के आकार के प्रवेश द्वार वाले सबसे बड़े अस्थायी पंडाल ने रिकॉर्ड बनाया है। इस विशाल पंडाल में भव्य उल्लू के आकार का प्रवेश द्वार, 12 ज्योतिर्लिंग की प्रतिकृति और मां दुर्गा के 23 दिव्य रूपों को दर्शाती मनमोहक मूर्तियां है। टीम ने मौके पर इसकी पुष्टि कर रिकॉर्ड की घोषणा कर प्रमाण पत्र को जगतगुरू की उपस्थिति में आयोजन समिति के पदाधिकारियों को सौंपा। इसी के साथ यहां एक अन्य रिकॉर्ड के लिए भी क्लेम किया गया। ये रिकॉर्ड %इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स% का होगा। इस रिकॉर्ड को महोत्सव में 11 हजार स्वर्ण लेपित अष्ट कलश अभिमंत्रित करने को लेकर तैयार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री को मिला सबके 'मन मोहन' होने का आशीर्वाद ~ विवार की रात जगतगुरू का आशीर्वाद लेने के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी पहुंचे। स्वागत की बेला के बाद जगतगुरू ने मुख्यमंत्री के लिए किए गए संबोधन में कहा कि मध्यप्रदेश को ऐसे यशस्वी मुख्यमंत्री मिले हैं, जिन्होंने धार्मिक नगरी में शराबबंदी जैसे फैसले लिए हैं और गौ आहार की राशि भी बढ़ाई है। इनके राज में अब सिंहस्थ का आनंद आएगा, जिसका नजारा अभी से देखने को मिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रजा के दिल में राज करने वाले सबके 'मन मोहन' होने का आशीर्वाद भी दिया। इसके बाद अपने संक्षिप्त संबोधन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारा शरीर पंचतत्व से मिलकर बना है और हमारे भीतर अनन्त शक्तियां समाहित है। मनुष्य के भीतर ही आत्मस्वरूप परमात्मा विराजमान रहता है। परमात्मा हमें किस रूप में दर्शन दे दें, यह कोई नहीं जान सकता है। उन्होंने इस आयोजन से एक अलग आनंद की अनुभूति प्राप्त होना बताया और कहा कि ये पंडाल शक्ति और आनंद का ऐसा लोक है कि इंद्र भी शरमा जाये। जगतगुरू के शतायु होने की कामना भी की।

## जय हिंद गरबा मंडल 49 वा वर्ष... मातारानी की आराधना में नाट्य प्रस्तुतियां, आराधना उत्सव



इंदौर। शहर के मध्य काछी मोहल्ले में विगत 49 वर्ष से नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की आराधना की जाती है इस वर्ष भी मां की प्रतिमा विराजमान कराई गई है जहां पर भजन संगीत गरबे और नाट्य प्रस्तुतियों के साथ माता रानी का गुणगान किया जा रहा है।

जय हिंद गरबा मंडल की ओर से प्रतिदिन महाआरती ओर प्रसादी का वितरण भी किया जा रहा है,नवरात्रि के अवसर पर इंदौर जय हिन्द मित्र मंडल द्वारा जेल रोड काछी मोहल्ले में पिछ्ले 49 वर्षो से आयोजित गरबे के सांस्कृतिक आयोजन में सनातन परंपरा से जुड़े गरबे और माँ की आराधना के साथ-साथ विभिन्न नाटकों का भी मंचन होता है। यह आयोजन अपने सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के कारण दूर-दूर से लोगों को आकर्षित करता है। यहाँ लोग गरबा के माध्यम से माँ दुर्गा की आराधना करते हैं और पारंपरिक नृत्य व नाटकों का आनंद उठाते हैं, जिससे यह स्थान नवरात्रि के दौरान जीवंत और उत्सवमय हो जाता है।

# रोजगारोन्मुखी जीवनयापन कर आत्मनिर्भर बनाने में सिलाई मशीन नींव का पत्थर साबित होगी- मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट

इन्दौर। पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. श्री माधवराव सिंधिया की स्मृति में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सांवेर विधानसभा क्षेत्र की 50 बहनों को रोजगारोन्मुखी जीवनयापन कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए 50 सिलाई मशीन वितरित की गई। इसके पहले सांवेर में 20 अगस्त को 80 महिलाओं को सिलाई मशीनें दी गई। इसके पूर्व गत वर्ष में भी 30 सितंबर को स्व. श्री माधवराव सिंधिया की स्मृति में लगभग 100 सिलाई मशीनों का वितरण किया गया था। हमारे लोकप्रिय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.



मोहन यादव जी के नेतृत्व में केन्द्र और राज्य सरकार लगातार माताओं और बहनों के लिए सिलाई, कढ़ाई, बुनाई के साथ ही अन्य विशेष योजना लाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश कर रही है। यह सिलाई मशीनें महिलाओं के लिए नींव का पत्थर साबित होगी। यह बात सोमवार को जल संसाधन मंत्री और सांवेर विधायक श्री तुलसीराम सिलावट ने सांवेर में मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित सिलाई वितरण कार्यक्रम में कही।

मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि सांवेर विधानसभा की जनपद पंचायत इंदौर की 27 गांवों - गेहली, घुलेट, बडियाहाट, शिवनी, आम्बामोलिया, धतुरिया, रामुखेडी, गोगाखेडी, छोटी खुडेल, मोरोदहाट, काजी पलासिया, असरावद बुजुर्ग, बावलियाखुर्द, बडी खुडेल, सेमलियाचाउ, बुरानाखेडी, बाल्याखेडा, बरोदा दौलत, खाती पिपलिया, कैलोदहाला, सिंधी बरोदा, पेडमी, खंडेल, खराडिया, पिवडाय, कम्पेल, उंडेल की 50 बहनों को सिलाई मशीनें दी गई। राज्य सरकार लगातार माताओं और बहनों के लिए सिलाई, कढाई, बुनाई के साथ ही अन्य विशेष योजना लाकर उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है।

## जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में निःशुल्क इको जांच शिविर आयोजित



इंदौर। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला चिकित्सालय इंदौर परिसर स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी के नेतृत्व में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत निश्शुल्क इको जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ईको सेम्स चिकित्सालय से आए डॉ. प्रशांत अग्रवाल द्वारा अपनी सेवाएं दी गई। शिविर में कुल 35 बच्चों का ईको हुआ, 12 बच्चे शल्य क्रिया हेतु चिन्हित हुए तथा 05 बच्चों को फॉलोअप पर रखा गया एवं शेष बच्चों का इको नॉर्मल निकला।

शल्य क्रिया वाले चिन्हित बच्चों का निःशुल्क उपचार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं आयुष्मान योजना से करवाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने कहा कि सभी लोग बदलती जीवन शैली के बीच अपने स्वास्थ्य का ध्यान अवश्य रखें और समय पर जांच, उपचार करें तो हमेशा स्वस्थ और सुरक्षित रहा जा सकता है।

## इंदौर संभागीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



इंदौर। इंदौर म.प्र. श्रम कल्याण मण्डल भोपाल द्वारा श्रमिकों की खेलकूद प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत इंदौर संभागीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता गत दिवस सेज विश्वविद्यालय बायपास राऊ के प्रांगण में आयोजित हुई। मण्डल के कल्याण निरीक्षक / क्षेत्रीय अधिकारी श्री बृजेन्द्र शर्मा द्वारा बताया गया कि श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता में इंदौर संभाग के कारखानों/ स्थापनाओं में कार्यरत लगभग 700 श्रमिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट थे। अध्यक्षता म.प्र. राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष श्री प्रताप करोसिया ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री योगेश मेहता अध्यक्ष ए.आई.एम.पी (एसोसिएशन ऑफ इण्डस्ट्रीज म.प्र.), श्री श्याम सुन्दर यादव अध्यक्ष म.प्र. इंटक, श्री अतुल खण्डेलवाल सदस्य म.प्र. श्रम कल्याण मंडल एवं अध्यक्ष पीथमपुर उद्योग संचालक संगठन, श्री सरोज कुमार सिंह टी.एल.टी विनिर्माण प्रमुख एल.एन.टी, श्री मानस महापात्र यूनिट हेड इप्का लेबोट्रीज पीथमपुर एवं श्री चंद्रसेन हिलाल वरिष्ठ महाप्रबंधक इच्छा लेबोट्रीज इंदौर मौजूद थे। शाम को समापन समारोह एवं पुरस्कारों का वितरण हुआ।

## स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. में शक्ति और भक्ति का गरबा आयोजन



इंदौर। नवरात्रि की पावन बेला में स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. द्वारा मीडियाकर्मियों एवं परिजनों के लिए एक दिवसीय गरबा महोत्सव शक्ति और भक्ति का आयोजन किया गया। महोत्सव में गायिका सारिका सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कलमकारों ने डांडिया खेले और माता रानी की आरती की।

अभिनव कला समाज सभागार में आयोजित महोत्सव के शुभारम्भ अवसर पर मुख्य अतिथि-सारिका सिंह ने कहा कि नवरात्रि, भारतीय संस्कृति का एक ऐसा महापर्व है, जो न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि यह हमें शक्ति, भक्ति और एकता का संदेश भी देता है। माँ का प्रत्येक स्वरूप विभिन्न शक्तियों और गुणों को दर्शाता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जीवन में हर चुनौती को पार करने के लिए शक्ति, साहस और धैर्य की आवश्यकता होती है।

उन्होंने कहा कि यह पर्व सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इस दौरान लोग उपवास रखते हैं, मंदिरों में भक्ति-भाव के साथ पूजा-अर्चना करते हैं, और एक-दूसरे के साथ मिलकर उत्सव मनाते हैं। गरबा और डांडिया जैसे पारंपरिक नृत्य नवरात्रि की रातों को और भी रंगीन बना देते हैं। ये नृत्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि ये हमें सामूहिकता, एकता और खुशी का संदेश भी देते हैं।

सुश्री सिंह ने कहा कि नवरात्रि का एक महत्वपूर्ण पहलू है नारी शक्ति का सम्मान। माँ दुर्गा नारी शक्ति का प्रतीक हैं, जो हमें सिखाती हैं कि नारी में अपार शक्ति और सामर्थ्य है। यह पर्व हमें यह भी याद दिलाता है कि समाज में महिलाओं का सम्मान और उनकी समानता को बढ़ावा देना हम सभी का कर्तव्य है।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 18 प्रकरण पंजीबद्ध कर 74.39 बल्क लीटर मदिरा जप्त की

## ग्राम भाटीसुडा में ताबड़तोड़ कार्यवाही कर प्रकरण दर्ज किया गया

उज्जैन । राज्य शासन द्वारा विगत 01 अप्रैल से उज्जैन नगरनिगम में स्थित मदिरा दुकानों/बार /वाईन आउटलेटस् को बंद किया जाकर, मदिरा का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। प्रतिबंधित क्षेत्र में मदिरा के अवैध भण्डारण, विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण को दृष्टिगत प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी सुश्री निधि जैन द्वारा कार्यपालिक दल का गठन किया गया है। पुलिस विभाग से भी 10 जवानों का बल प्राप्त किया गया है।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशन तथा प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त के मार्गदर्शन में गत दिवस गठित टीम द्वारा जिले में अलग-अलग जगहों पर कार्यवाही करते हुए कुल 18 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जिसमें मुखबिर से प्राप्त सटीक सूचना के आधार पर




आबकारी टीम द्वारा ग्राम- भाटीसुडा तहसील नागदा में खेत पर बने घर पर रखे ड्रम में 61.05 बल्क लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ मदिरा जप्त कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क व 34(2) का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेशकर न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेजा गया। गत दिनों वृत बड़नगर 'अ' में धारा 34(1) का 02 प्रकरण पंजीबद्ध कर 2.0 बल्क लीटर हा.भ. मदिरा जप्त की गई। वृत बड़नगर 'ब' में धारा 34(1) का 01 प्रकरण पंजीबद्ध कर 1.96 बल्क लीटर देशी मदिरा जप्त की गई। वृत उन्हेल में धारा 34(1) का 01 प्रकरण पंजीबद्ध कर 3.6 ब.ली. देशी मदिरा जप्त की गई। वृत क्रमांक 02 उज्जैन में धारा 34(1) का 01 प्रकरण, धारा 36(ए) का 01 प्रकरण एवं धारा 36 (बी) का 01 प्रकरण पंजीबद्ध कर 3.06 बल्क लीटर देशी मदिरा जप्त की गई। वृत नागदा में धारा 34(1)क व धारा 34(2) का 01 प्रकरण पंजीबद्ध कर 61.05 ब.ली. हा.भ. मदिरा जप्त की गई। वृत क्रमांक 04 उज्जैन में धारा 36(ए) के 02 एवं धारा 36(3बी) के 03 प्रकरण पंजीबद्ध कर 1.36 बल्क लीटर विदेशी मदिरा जप्त की गई। वृत क्रमांक 06 उज्जैन में धारा 36(ए) के 02 एवं धारा 36(3बी) के 03 प्रकरण पंजीबद्ध कर 1.36 देशी बल्क लीटर मदिरा जप्त की गई। इस प्रकार कुल 18 प्रकरणों में कुल 74.39 बल्क लीटर मदिरा जप्त की गई। साथ ही उज्जैन नगरनिगम सीमा तथा उससे सटे हुए क्षेत्रों में स्थित होटल, ढाबों की चेकिंग लगातार की जा रही है।

# सेवा भारती के 23वें कन्यापूजन में हुआ 751 कन्याओं का पूजन



उज्जैन। यूनान एवं मिश्र जैसी कई धर्म एवं संस्कृतियां आई ओर मिट गई पर सनातन धर्म आज भी विश्व के सामने एक उम्मीद की किरण है। हमारे प्रत्येक त्यौहार के पीछे कोई न कोई संदेश छुपा होता है जिससे हमें नई पीढ़ी को परिचित कराना होगा।

उक्त बात राष्टीय स्वयं सेवक संघ के मालवा प्रांत के सह सेवा प्रमुख नन्दकिशोर नागर ने कही। संयोजकद्वय निर्मल गुप्ता और यशवंत पटेल ने बताया कि सेवा भारती द्वारा विगत 22 वर्षों से तंबाखू बाजार में कन्या पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें उज्जैन की 124 बस्तियों से संस्कार केन्द्रों की बालिकाओं को आमंत्रित किया जाता है। इस वर्ष भी आयोजित 23वें कन्या पूजन कार्यक्रम में 751 कन्याओं का पूजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चीफ इंजीनियर शोभा खन्ना, नृत्यगुरु पल्लवी किशन एवं विशेष अतिथि मनीष परसवानी रहें। अध्यक्षता डॉ. सुनील खत्री ने की।

संस्था परिचय व कार्यक्रम की भूमिका संस्था सचिव सीमा वशिष्ठ ने रखी। कार्यक्रम के पूर्व विश्वशांति एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु किए गए यज्ञ में समाज के प्रबुद्धजनों ने सपरिवार सम्मिलित होकर आहुतियां दी। इस भव्य आयोजन में श्री पोरवाल द्वारा बहनों को उपहार वितरित किए गए व कन्याओं को लाने हेतु विशेष सहयोग ऑक्सफोर्ड स्कूल का रहा।

## पोदार प्रेप ने मनाया डांडिया नाइट, अनोखा पेंसिल समारोह



उज्जैन। पोदार प्रेप, महाकाल वाणिज्य केंद्र और पोदार प्रेप दताना उज्जैन ने मिलकर माता-पिता और बच्चों के लिए महाकाल वाणिज्य केंद्र में भव्य डांडिया नाइट का आयोजन किया।

इस उत्सव में संगीत, नृत्य, रंग-बिरंगी सजावट और स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया गया। माता-पिता और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रोमांचक उपहार प्राप्त किए, जिससे यह आयोजन सभी के लिए यादगार बन गया। साथ ही दोनों ही पोदार प्रेप विद्यालयों ने दशहरा के अवसर पर पेंसिल समारोह का आयोजन भी किया।

# शिव शक्ति सांस्कृतिक समिति के गरबा महोत्सव में हुई सुंदर, अद्भुत प्रस्तुतियां



उज्जैन। शिव शक्ति सांस्कृतिक समिति द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव 2025 गरबों की सुंदर एवं अद्भुत प्रस्तुतियां हुई।

मां शक्ति की आराधना एवं उपासना के लिए का आयोजित पारिवारिक, विशाल एवं भव्य आयोजन 22 सितंबर से 1 अक्टूबर 2025 तक नानाखेड़ा स्टेडियम पर हो रहा है। समिती के संरक्षक डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री, मार्गदर्शक नारायण यादव एवं नगर निगम सभापति कलावती यादव, संयोजक डॉ रवि सोलंकी एवं अभय यादव, समिती अध्यक्ष सतीश सिन्दल, समिती सचिव गोपाल अग्रवाल, सह-सचिव प्रकाश जायसवाल एवं अजय शुक्ला, उपाध्यक्ष ऋतुराज राठौर, सचिन वर्मा, सोनू बिजोरिया, कमलेश खत्री एवं कार्तिकेय मिश्रा, कोषाध्यक्ष भरत पोरवाल, सह-कोषाध्यक्ष अक्षत अग्रवाल, आयोजन समिति में रौनक अग्रवाल, पीयूष मालवीय, निमेष यादव, देव खरोट एवं अर्पित परमार द्वारा किया जा रहा है। गरबे की सुंदर एवं अद्भुत प्रस्तुतियों का आनंद समस्त शहर वासियों द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ लिया जा रहा है।

# शक्ति पर्व पर नागर ब्राह्मण समाज ने किया कन्या पूजन

## नागर ब्राह्मण समाज के प्रदेश पदाधिकारियों ने किया कन्या पूजन

उज्जैन। नागर ब्राह्मण समाज नवरात्र महोत्सव 2025 के अंतर्गत नागर ब्राह्मण समाज प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा कन्या पूजन किया गया।

समाज की नन्ही और किशोरी बालिकाओं का कन्या पूजन प्रदेश के अध्यक्ष केदार रावल, महिला अध्यक्ष सोनिया मंडलोई, महासचिव हेमंत व्यास और विशेष अतिथि पवन मेहता द्वारा उपहार भेंट कर किया गया। शर्मा परिसर, देवास रोड़ पर आयोजित समारोह में प्रारंभ में अतिथियों और समाजजनों द्वारा मां अम्बे की महाआरती, पूजन अर्चन किया गया एवं प्रसादी संतोष नागर, भागवत नागर, अमित हेमंत व्यास, शर्मा परिवार बेरछा एवं भूपेन्द्र त्रिवेदी की ओर से वितरीत किया गया। सभी भक्तो आगंतुकों के लिए केसरिया दुध वितरण शर्मा परिवार बेरछा के डॉ. मनोज शर्मा-प्रीती शर्मा, मनीष शर्मा- आरती शर्मा एवं परिवार व्दारा किया गया।

फलाहारी नमकिन सुनील मेहता



स्व. श्री सुर्यकांत मेहता एवं श्री कृष्णकांत जी शुक्ल के द्वारा वितरीत किया गया। कार्यक्रम के मध्य में तृप्ति मनोज नागर एवं अमित व्यास अभिभाषक के जन्मदिन पर उन्हें मोतियों की माला और दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया जाकर बधाई दी। मधुर गरबा एवं हुंडी गायन विजय शर्मा, नवीन त्रिवेदी, दीपक मेहता (मड़ावदा), मुकेश शर्मा एवं डॉ.तृप्ती महेश नागर व्दारा हुआ। महिला मंडल की समस्त सदस्यों व्दारा महिला मंडल अध्यक्ष नेहा प्रतिमा मेहता, महासचिव सीमा आलोक नागर, राधा महेश नागर, पूर्व अध्यक्ष प्रीति शर्मा व उपाध्यक्ष श्वेता रावल, वंदना मेहता, ममता नागर, मनीषा शर्मा के निर्देशन में निर्धारित ड्रेस कोड के साथ दीपक ओर धूप के माध्यम से आकर्षक मनोहारी पारंपरिक गरबा नृत्यों की शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों का मनमोह लिया। अतिथियों का स्वागत परिषद अध्यक्ष विजय शर्मा, महिला मंडल अध्यक्ष नेहा प्रतिमा मेहता, युवा मंडल अध्यक्ष अमित नागर, महासचिव संजय जोशी, मनीष मेहता, विशाल नागर, ममता नागर, सीमा नागर, प्रीति शर्मा, अभिलाष नागर आदि ने किया। तत्पश्चात समस्त पदाधिकारियों ने म.प्र.नागर ब्राह्मण परिषद की ओर से उपस्थित कन्याओं का पूजन कर उपहार वितरित किए। साथ इस अवसर पर अतिथियों द्वारा समाज की युवा डॉ. प्रियल आलोक नागर, डॉ. अमिषा रावल, डॉ. श्रेया विनोद नागर, वेदिक त्रिवेदी, हितेषी शर्मा को सम्मानित किया। युवा मंडल अध्यक्ष अमित नागर द्वारा बेस्ट गरबे हेतु कुमारी लावण्या नागर को अतिथियों व्दारा पुरूस्कृत करवाया। बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजनों, महिला सदस्यों, युवा मंडल के साथियों ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज करा सहयोग राशी कांउटर पर नरेन्द्र नागर, गिरीश मेहता, देवेन्द्र मेहता, सुरेशचंद्र मेहता, कमलेश त्रिवेदी, दिलीप मेहता, अरूण नागर एवं मिडिया कवरेज में प्रमुख भूमिका योगेन्द्र नागर, ऋषभ मेहता ऋषि सक्रिय रहें। कार्यक्रम का सफल संचालन लव मेहता व्दारा किया गया।

# संस्कृति एवं कला का अद्भुत संगम है गरबा महोत्सव -कलेक्टर रोशन सिंह




उज्जैन। संगीत, गीत एवं नृत्य मिट्टी के भरे हुए उस अमृत कलश के समान है जिसमें गहराई है, ईश्वर को प्राप्त करने का मार्ग है ... विध्वंस के विरुद्ध सृजन के संस्कार हमें भारतीय संस्कृति से ही प्राप्त होते हैं... विश्व के विनाश के लिए अस्त्र-शस्त्र और बम बना रहे हैं.... वहीं कला, संस्कृति के आयोजन संरचनात्मकता को पल्लवित कर रहे हैं।

उक्त प्रभावी उदगार 19वें नवरंग गरबा महोत्सव के सप्तम दिवस पर कालिदास अकादमी के मुक्त काशी मंच पर उज्जैन कलेक्टर रोशन सिंह ने उत्सव धर्मियों के उल्लास एवं उत्साह के बीच मध्य व्यक्त किये। गरबा महोत्सव में भाजपा जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने गरबो को भारतीय संस्कृति का सेतु बतलाया। इस अवसर पर हजारों गरबा प्रेमियों को मंच से स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेंद्र भारती, समाजसेवी नारायण यादव, पंडित योगेश शर्मा, पार्षद दिलीप परमार, नारायण सिंह भाटिया उपस्थित थे। अतिथि स्वागत नवरंग सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष मुकेश यादव, संयोजक अभय यादव, सचिव डॉ गोविंद सोलंकी, उपाध्यक्ष प्रकाश यादव, आजाद ठाकुर, शैलेंद्र शर्मा ने किया। गरबा डांडिया के सूत्रधार स्वामी मुस्कुराके शैलेंद्र व्यास थे। इस अवसर पर अतिथि द्वारा नृत्य गुरु पलक पटवर्धन एवं गरबा टीम की नारी शक्ति का प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया। आभार अभिमन्यु यादव ने व्यक्त किया।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com